संपादकीय

सुधार और आधार

कई चुनाव सुधार के प्रावधान वाले चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक को विपक्षी हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों से पारित करा दिया गया। इस विधेयक के संबंध में सरकार की दलील है कि इससे फर्जी मतदान पर रोक लगेगी और चुनावी प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। वहीं विपक्ष का आरोप है कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करेगा। दरअसल, इन सुधारों में मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ना भी शामिल है। वहीं विपक्ष की मांग थी कि विधेयक को स्थायी समिति को भेजा जाये। यही वजह है कि चुनाव सुधारों के प्रति एकमत होते हुए भी विपक्ष सुधारों के तरीकों व साधनों को लेकर असहमति जताता रहा है। वहीं सरकार का तर्क है कि सुधार के जरिये मतदाता सूची को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जायेगा और सुनिश्चित किया जा सकेगा कि एक व्यक्ति एक ही निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कर सके। विपक्ष की दलीलों को खारिज करते हुए कानून मंत्री किरण रिजिजू का कहना कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ना अनिवार्य नहीं है। आधार कार्ड की जानकारी न देने पर भी मतदाता सूची में नाम शामिल करने के किसी भी आवेदन को अस्वीकार नहीं किया जायेगा। लेकिन मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को संतोषजनक ढंग से बताना होगा कि वह आधार से जुड़ा विवरण देने में क्यों असमर्थ है। ऐसे लोगों को वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत करने की छूट होगी। उल्लेखनीय है कि बॉयोमीट्रिक डेटा को वोटर आईडी कार्ड से जोड़ने की एक परियोजना मार्च, 2015 में चुनाव आयोग द्वारा फर्जी व दोहरे मतदाताओं की पहचान करके उन्हें हटाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। लेकिन अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया को रोक दिया था। दरअसल, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में से काट दिये गये थे, जिसमें से कुछ गलती से भी काटे गये थे। बताया जाता है कि ये नाम घर-घर सत्यापन अनिवार्य किये बिना हटाये गये थे। ऐसे में जरूरी है कि मतदाता की निजता का ख्याल रखते हुए योजना को दोषमुक्त बनाया जाये। वहीं विपक्ष की दलील है कि सरकार का यह सुधार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरुद्ध है। इससे मतदाताओं के डेटा के दुरुपयोग के मामले बढ़ सकते हैं क्योंकि देश में पुख्ता डेटा सुरक्षा कानून नहीं है। वे सरकार द्वारा जल्दबाजी में विधेयक पेश किये जाने पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं सरकार की दलील है कि कार्मिक, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति की संस्तुति थी कि मतदाता सूची की शुचिता को बरकरार रखा जाये, जिसके चलते मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बाबत चुनाव आयोग और कानून मंत्रालय ने कई दौर की बैठकों के जरिये इस मुद्दे पर व्यापक विमर्श किया। सरकार का कहना है कि सुधारों के जरिये चुनावी कानून लिंगभेद मुक्त होगा और अब युवा साल में चार बार मतदाता सूची के लिये नामांकन करा सकेंगे। लेकिन विपक्ष बार-बार हड़बड़ी में सुधार कानून लाने और इसके प्रावधानों पर व्यापक विचार-विमर्श का मौका न देने का आरोप लगा रहा है। यही वजह है कि राज्यसभा में विपक्ष के वॉकआउट के बीच विधेयक को पारित किया गया। इस चुनाव सुधार जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर विपक्ष में अविश्वास को अच्छा संकेत नहीं माना जा रहा है। सरकार को सभी आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए था। वहीं संसदीय लोकतंत्र में सरकार को असहमति का भी सम्मान करना चाहिए। दूसरी ओर यह भी विडंबना ही है कि जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तो भी हम यदि मतदाता सूची को पारदर्शी व विश्वसनीय नहीं बना पाये तो यह तंत्र की विफलता का ही परिचायक है। जिसको लेकर दलील दी जाती रही है भारतीय लोकतंत्र मतदाता पहचान पत्र को लेकर सहिष्णु रहा है, जिसके चलते लोग आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने को लेकर संकोच करते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद फर्जी मतदान को रोककर चुनावी प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाना वक्त की जरूरत है। वहीं निजता की गोपनीयता बनाये रखना भी जरूरी है क्योंकि आधार कार्ड हमारे फोन के साथ जुड़ा होता है।

भारतीय क्रिकेटर की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, 5 छक्के-37 चौकों की मदद से कर दिया डबल धमाका

मुंबई । भारतीय क्रिकेट टीम के ताबड़तोड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने डबल धमाका करते हुए एक बार फिर लोगों को अपना कायल बना दिया है। इस बार उन्होंने एक टूर्नामेंट में दोहरा शतक जमा दिया। इस तरह उन्होंने साउथ अफ्रीका दौरे के लिए अपनी दावेदारी और भी मजबूत कर ली है।

दरअसल, सूर्यकुमार ने यह उपलब्धि मुंबई में खेले गए पुलिस इन्विटेशन शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में हासिल की। इस मुकाबले में सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ 249 रन जड़ दिए।

इसके लिए उन्होंने सिर्फ 152 बॉल ही खेलीं।

अपनी पारी में सूर्यकुमार ने 5 छक्के और 37 चौके भी जमाए। इस तरह उन्होंने अपने पारी में छक्के से 30 और चौकों से 148 रन बनाए। सूर्यकुमार ने बाउंड्री से कुल 178 रन जड़ दिए। इस भारतीय बल्लेबाज ने टूर्नामेंट में पारसी जिमखाना की ओर से खेलते हुए पायेड स्पोर्ट्स क्लब के खिलाफ यह पारी खेली। 24 से 26 दिसंबर तक खेले जाने वाले इस मैच में पहले दिन का खेल खत्म होने तक जिमखाना टीम ने पहली पारी में 9 विकेट पर 524 रन जड़ दिए।

अपनी पारी में सूर्यकुमार ने दो बड़ी पार्टनरशिप की। पहले उन्होंने आदित्य तारे के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 124 रन जोड़े। इसके बाद 5वें विकेट के लिए सचिन यादव के साथ 209 रन की बड़ी पार्टनरशिप की। सूर्यकुमार को आतिफ अतरवाला ने अपना शिकार बनाया। सूर्या कैच आउट हुए। दरअसल, भारतीय टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका दौरे पर है। यहां दोनों टीम के बीच 26 दिसंबर से तीन टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद भारतीय टीम और साउथ अफ्रीका के बीच 19 जनवरी से तीन वनडे की सीरीज भी होनी है। इसके लिए अब तक टीम का ऐलान नहीं किया गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में होने वाली इस सीरीज के लिए सूर्यकुमार को मौका मिल सकता है। हालांकि टेस्ट सीरीज में उन्हें जगह नहीं मिली।

रेलवे ने रद्द की 400 ट्रेनें, कईयों के रूट डायवर्ट

नई दिल्ली। अगर आप इस सर्दियों में कहीं घुमने का प्लान बना रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय रेलवे ने आज यानी 25 दिसंबर 2021 को कई ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं। जबकि कुछ ट्रेनों के रूट में बदलाव भी किया गया है। अगर आप भी यात्रा करने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो सफर से पहले इस लिस्ट को चेक कर लें।

रेलवे ने आज 351 ट्रेनों को पूर्ण रूप से रद्द किया है। वहीं 45 ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसिल किया गया है। रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, 21 ट्रेनों के रूट में बदलाव यानी डायवर्ट किया है। इसके अलावा रेलवे ने 4 ट्रेनों को रीशेड्यूल भी किया है।

भारतीय रेलवे की ओर से प्रतिदिन कैंसिल ट्रेनों की लिस्ट जारी की जाती है जिसमें विभिन्न कारणों से रद्द की गई ट्रेनों की जानकारी मिलती है। इन ट्रेनों में एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनें और स्पेशल गाड़ियां शामिल हैं। वहीं, रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए पूरी लिस्ट चेक कर सकते हैं।

एक दिन में 11.19 लाख से अधिक आयकर रिटर्न हुए दाखिल

नई दिल्ली । आकंलन वर्ष 2021-22 के लिए कल तक 43149670 आयकर रिटर्न दाखिल किये गये और इस दौरान सिर्फ कल एक दिन में 11.19 लाख से अधिक रिटर्न लोगों ने भरे।

आयकर विभाग ने आज बताया कि सिर्फ कल एक दिन 1119751 रिटर्न दाखिल किये गये। उसने कहा कि 24 दिसंबर तक 23717144 आईटीआर 1, 3769821 आईटीआर 2, 4454010 आईटीआर 3, 10524603 आईटीआर 4, 454531 आईटीआर 5, 192807 आईटीआर 6 और

36754 आईटीआर 7 दाखित हुये हैं।

उल्लेखनीय है कि कोरोना की दूसरी लहर के बाद आयकर रिटर्न भरने की तिथि बढ़ायी जाने लगी थी और अब इसके लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 निर्धारित है। आयकर विभाग ने लोगों से अंतिम समय में होने वाली भीड़ से बचने के लिए तत्काल रिटर्न दाखिन करने की अपील की है।

अक्टूबर माह में ईपीएफ योजना में जुड़े 7,56,939 नए सदस्य

नई दिल्ली। देश में संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का संकेत देने वाली एक मासिक सरकारी रपट के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि योजना (ईपीएफ योजना) में 7,56,939 नए सदस्य जुड़े हैं।

आलोच्य माह के दौरान 3,56,015 लाख सदस्यों ने ईपीएफ की सदस्यता छोड़ी और 8,71,656 सदस्य इस योजना में फिर से पंजीकृत हुए।

केंद्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ताजा मासिक रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2017 से अक्टूबर 2021 की अवधि के

दौरान ईपीएफ योजना में कुल 4,79,72,153 नए अंशधारक जुड़े हैं। ईपीएफ योजना उन प्रतिष्ठानों में लागू होती है जहां 20 से अधिक कर्मचारी काम करते हों।

सितंबर 2021 में ईपीएफ में जुड़े नए सदस्यों की संख्या 9,49,081 थी। इसी दौरान 6,41,434 सदस्यों का योजना में अंशदान समाप्त हो गया और योजना से निकल चुके 10,89,388 सदस्य दुबारा योजना में जुड़ कर अंशदान शुरू कर दिया।

रपट के मुताबिक अक्टूबर 2021 में ईपीएफ से जुड़े नए सदस्यों में 5,61,712 पुरुष और 1,95,216 महिलाएं हैं।

एनएसओ ने अप्रैल 2018 से संगठित क्षेत्र में रोजगार संबंधी आंकड़े जारी करना शुरू किया है। ये आंकड़े सितंबर 2017 माह से शुरू होते हैं। इनमें कर्मचारी भविष्य निधि योजना, कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआई) योजना और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में पंजीकरणों पर आधारित आंकड़े शामिल होते हैं।

सितंबर 2017 से अक्टूबर 2021 के बीच ईएसआई योजना में 5,82,56,595 सदस्य और एनपीएस योजना में 30,23,250 नए सदस्यों का पंजीकरण हुआ।

बीसीसीआई ने हरभजन को शानदार करियर के लिए दी बधाई

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को क्रिकेट से सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करने वाले पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने एक बयान में कहा, मैं हरभजन सिंह को उनके शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन भज्जी हार मानने वाले नहीं हैं। उन्होंने कई बाधाओं को पार किया है और हर बार उठने के लिए कई रुकावटों को पीछे छोड़ा है। जिस चीज ने मुझे उनके बारे में सबसे ज्यादा प्रेरित किया, वह उनकी प्रदर्शन करने की भूख थी। उनकी ताकत उनकी हिम्मत और साहस थी। वह हमेशा बहुत जोशीले थे और उनके अपार आत्मविश्वास का मतलब था कि वह कभी भी लड़ाई से नहीं कतराते थे। उन्होंने ड्रेसिंग रूम के माहौल को भी हल्का रखा और यह सच में महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि हरभजन ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना क्रिकेट करियर समाप्त किया। 417 टेस्ट और 269 वनडे विकेट उनके नाम हैं। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, हरभजन सिंह का टीम इंडिया के साथ शानदार करियर रहा है। वह घर और बाहर दोनों जगह कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज पर सिक्स मारकर डांस करने लगे एस श्रीसंत

नई दिल्ली । इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच प्रतिद्वंद्विता के कई यादगार पल रहे हैं, चाहे वो 2006 में दक्षिण अफ्रीका में भारत की पहली टेस्ट जीत हो या सचिन तेंदुलकर का 50वां टेस्ट शतक। हालांकि, एक पल जो भारतीय क्रिकेट फैन्स के मन में हमेशा रहेगा, वो है 2006 में जोहान्सबर्ग टेस्ट के दौरान आंद्रे नेल की गेंद पर एस श्रीसंत का छक्का है। उस दौरे पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज आंद्रे नेल के बीच गहमागहमी हो गई थी। श्रीसंत जब बल्लेबाजी करने आए तो आंद्रे नेल ने एक तीखा बाउंसर डाला जो श्रीसंत सिर के पास से गुजरा। इसके बाद नेल ने उनके साथ अभद्रता से बातचीत करते हुए उन्हें सिक्स मारने के लिए उकसाया। लेकिन श्रीसंत भी पूरे तेवर में आ गए और उन्होंने अगली ही गेंद पर क्रीज के बीच में आंद्रे नेल के सर के ऊपर से जबरदस्त छक्का लगा दिया। इस सिक्स के बाद श्रीसंत दोनों हाथ उठाकर बीच मैदान में ही डांस करने लगे। क्रिकेट फैन्स के दिमाग में आज भी वह यादगार पल

जीवित है। श्रीसंत ने अब खुलासा किया है कि आंद्रे नेल ने उस दौरान उनसे क्या कहा था। श्रीसंत ने स्पोर्ट्सक्रीड़ा के साथ बातचीत में कहा, बहुत से लोगों को पता नहीं है कि आंद्र नेल ने मुझसे क्या कहा, लेकिन उसने मुझसे बहुत कुछ कहा। पहली पारी में मैंने पांच विकेट लिए थे और जब आंद्रे नेल आउट हुए तो उन्होंने एक छक्का लगाया। वह सचमुच मेरे ऊपर पर था। इसकी शुरुआत तब हुई जब वह बल्लेबाजी कर रहे थे। जब मैं दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आया, तो उसने मुझसे कहा तुम पर्याप्त नहीं हो। तुम मुझे सिर्फ मानसिक रूप से परेशान करने के लिए आए हो।पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने आगे कहा, वह मेरे पास आया और कहा तुम्हारे पास दिल नहीं है, तुम बहुत अच्छे नहीं हो और भी कुछ बुरे शब्द, इसलिए जब मैंने उसकी गेंद पर छक्का मारा, तो सभी ने इसे एक डांस बताया।

आज का राशिफल

मेष : अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। उधार मांगने वाले लोगों को नज़रअंदाज़ करें।

वृष : आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की ज़रूरत है।

मिथुन: बेकार की बात पर बहस करके अपकी ऊर्जा ज़ाया न करें। याद रखें कि वाद-विवाद से कुछ भी हासिल नहीं होता, लेकिन खोता ज़रूर है।

कर्क: मानसिक स्पष्टता के लिए भ्रम और निराशा से बचने की कोशिश करें। बहन का स्नेह आपको प्रोत्साहन देगा।

सिंह: जिस तरह मिर्च खाने को लज़ीज़ बनाती है, उसी तरह थोड़ा-सा दुःख भी जीवन में ज़रूरी है और तभी सुख की असली क़ीमत पता लगती है।

कन्या: आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुकून भरे और शांत दिन का लुत्फ़ लें।

तुला : अपने स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ न करें, शराब से बचें। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा।

वृश्चिक : सुकून हासिल करने लिए कुछ पल क़रीबी दोस्तों के साथ बिताएं। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

धनु: आपकी व्यक्ति गत समस्याएं मानसिक शांति को भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा।

मकर: धार्मिक भावनाओं के चलते आप किसी तीर्थस्थल की यात्रा करेंगे और किसी संत से कुछ दैवीय ज्ञान प्राप्त करेंगे। आपकी निजी ज़िंदगी के बारे में दोस्तों से आपको अच्छी सलाह मिलेगी।

कुंभ: आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। घर के माहौल की वजह से आप उदास हो सकते हैं।

मीन: कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं, तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं।

सोनू सूद ने किया अपनी नई फिल्म फतेह का ऐलान

अभिनेता सोनू सूद ने अपनी नई फिल्म की घोषणा कर दी है। गुजरते साल में उन्होंने अपने फैंस को यह तोहफा दिया है। सोनू की इस फिल्म का नाम है फतेह। उन्होंने इसका पहला पोस्टर प्रशंसकों के साथ साझा किया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस अपने चहेते अभिनेता की इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हो गए हैं। फिल्म में सोनू का एक अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा।

सोनू ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर कर लिखा, 2022 का स्वागत इस नए मिशन और



जबरदस्त एक्शन के साथ। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अभिनंदन गुप्ता करेंगे, जो बाजीराव मस्तानी और आगामी फिल्म शमशेरा के सहायक निर्देशक हैं। यह फिल्म असल घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म में सोनू को कभी ना देखे गए एक्शन दृश्य करते देखा जाएगा। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म जी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है।

सोनू ने कहा, फिल्म की कहानी ने मेरी दिलचस्पी बढ़ाई है। यह सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक है, जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। जैसे ही मैंने कहानी पढ़ी, मुझे पता था कि मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूं। मैं इसे लाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस फिल्म से सोनू एक अलग सफर पर निकलेंगे।

राधे श्याम के ट्रेलर को मिल रहा धमाकेदार रिस्पांस

आखिरकार मच अवेटेड फिल्म राधे श्याम का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। इस फिल्म के ट्रेलर को लॉन्च करने के लिए हैदराबाद में एक ग्रैंड इवेंट का आयोजन किया गया, जहां फिल्म की पूरी टीम उपस्थित रहीं। रिलीज़ होते ही राधे श्याम का ट्रेलर पूरे इंटरनेट पर छाया हुआ है और साथ ही इसे बहुत ही धमाकेदार प्रतिक्रिया मिल रहीं हैं।

ट्रेलर की शुरुआत प्रभास के एक दमदार डायलॉग से होती है जिसमें वे कह रहे हैं, मेरी किस्मत में प्यार और शादी दोनों नहीं है। जैसे ट्रेलर आगें बढ़ता है तो एक

लड़की उनसे अपने प्यार का इजहार करती है लेकिन वे उससे कहते हैं कि, नहीं, मैं सिर्फ फ्लर्टेशनशिप चाहता हूं। इसके बाद उनकी लाइफ में पूजा हेगड़े की एंट्री होती है। और ये दोनों ही एक-दूसरे से प्यार कर बैठते थे। प्रभास फिल्म में विक्रमादित्य का किरदार निभा रहें हैं जो एक ज्योतिष है और उन्हें आगे होने वाली सभी घटनाओं के बारे में पता रहता है।

बची-खुची इडली से बनाएं जायकेदार टिक्की

इडली खाने में तो बहुत अच्छी लगती है लेकिन 5-6 खाने के बाद एकदम पेट भर जाता है ऐसे में कई बार इडली बच जाती है तो उससे आप तैयार कर सकते हैं जायकेदार स्नैक्स।

सामग्री :

इडली- 4-5, उबले मैश किए हुए आलू- 1 कप, कटा हुआ गाजर- 1, कटी हुई शिमला मिर्च- 1, मटर- 1/2 कप, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, काली मिर्च- 1 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, करी पत्ता- 4-5, सरसों के दाने- 1 टीस्पून

विधि :

- इडली टिक्का बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में बची हुई इडली को अच्छे से मैश कर लें।
- अब इसमें उबले आलू, कटी गाजर, शिमला मिर्च और उबले मटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- इसके बाद लाल मिर्च, धनिया, हल्दी, काली मिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डालकर मिलाएंगे।
- मिक्सचर से छोटे-छोटे बॉल्स बनाएं और हल्का चपटा आकार दें।
- कड़ाही में इतना तेल डालें कि ये टिक्की अच्छी तरह से डूब जाए। क्रिस्पी टिक्की बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में तेल होना और धीमी आंच पर तलना जरूरी है।

शब्द सामर्थ्य- 300

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 299 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

सू-दोकू- 300

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.299 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6